हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 29 मार्च 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 कार्यकर्ता सम्मेलन में नेताओं ने रखी अपनी बात...



07 इलाके में हर्ष उल्लास और उत्साह पूर्वक मनाया होली...


**लोक सभा क्षेत्र**
**भिंड**

1 **भाजपा प्रत्याशी**
संध्या राय

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
फूल सिंह बरैया

**पिछली बार कौन जीता**
संध्या राय, भाजपा

**जीत का अंतर**
1 लाख 99 हजार, 885

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के अपने-अपने मुद्दे हैं। भाजपा का मुख्य मुद्दा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 हटाना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। मोदी देश भर में दौरा कर विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कर रहे हैं। अर्थात पार्टी मोदी लहर पर सवार है। दूसरी तरफ कांग्रेस हर वर्ग को न्याय की बात कर रही है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग पार्टी का बड़ा मुद्दा है। दो मुख्यमंत्रियों पहले हेमंत सोरेन और अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से कांग्रेस के इस आरोप को ताकत मिली है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा से भी पार्टी को फायदे की उम्मीद है।

### बसपा में भी रहे कांग्रेस के बैरैया, दलितों में अच्छी पकड़, भाजपा को महिला प्रत्याशी होने का लाभ, लहर से उम्मीद

# फूल सिंह के बयान आत्मघाती, संध्या की निष्क्रियता से नाराजगी

*चंबल-ग्वालियर अंचल की भिंड लोकसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़े मुकाबले के आसार हैं। भाजपा की ओर से सांसद संध्या राय फिर मैदान में हैं तो कांग्रेस ने भांडेर से विधानसभा का चुनाव जीते फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में चल रही लहर के साथ पार्टी प्रत्याशी के महिला होने का लाभ मिल सकता है, जबकि फूल सिंह बरैया पहले बहुजन समाज पार्टी में रहे हैं। उनकी दलित वर्ग में अच्छी पकड़ है। अलबत्ता, बरैया के कई विवादित बयान उनके लिए आत्मघाती साबित हो सकते हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी संध्या राय की निष्क्रियता के कारण क्षेत्र के लोग नाराज हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल में विधानसभा चुनावों की तरह लोकसभा के चुनाव भी भाजपा के लिए आसान नहीं हैं। मोदी लहर के बावजूद अंचल की अन्य सीटों की तरह भिंड में भी उसे कांग्रेस से कड़ा मुकाबला करना पड़ सकता है।

बसपा की मौजूदगी यहां दोनों दलों का खेल बिगाड़ती है। भाजपा की संध्या राय ने 2019 के चुनाव में बड़ी जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के देवाशीष को लगभग दो लाख वोटों के अंतर से हराया था। पिछले चुनाव की तरह इस बार भी भाजपा के पक्ष में माहौल है। 2019 में पाक अधिकृत कश्मीर में एयर स्ट्राइक के कारण


संध्या राय


फूल सिंह बरैया

राष्ट्रीयता बड़ा मुद्दा था, जबकि इस बार भाजपा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर में धारा 370 को भुनाने की तैयारी में है। पिछली बार भाजपा ने डॉ. भागीरथ प्रसाद का टिकट काट कर संध्या राय को टिकट दिया था। पहले वे विधायक थीं। पार्टी ने इस बार फिर उन पर भरोसा किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद उनका लोगों से बात करते हुए एक वीडियो वायरल हो चुका है। इसमें लोग उन पर निष्क्रियता और क्षेत्र के लिए कुछ न करने का आरोप लगा रहे हैं। प्रत्याशी की यह स्थिति चुनाव में भाजपा को नुकसान पहुंचा सकती है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने पिछले प्रत्याशी देवाशीष की जगह विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। बरैया एक समय बसपा के सर्वेसर्वा हुआ करते थे, अब कांग्रेस में हैं। इस नाते दलितों में उनकी अच्छी पकड़ है। भांडेर से वे लगभग 30 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीते हैं, लेकिन अपने कई बयानों के कारण वे सामान्य वर्ग की आंखों को खटकते हैं। कांग्रेस को चुनाव में इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा चुनाव में मिलीं 4-4 सीटें

विधानसभा चुनाव के लिहाज से भिंड लोकसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस की ताकत लगभग बराबर है। दोनों दलों ने क्षेत्र की चार-चार सीटें जीती हैं। हालांकि माहौल कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा था, लेकिन पार्टी के दो दिग्गज चौधरी राकेश सिंह भिंड और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह लहार से चुनाव हार गए। इस चुनाव में भाजपा के एक दिग्गज डॉ. नरोत्तम मिश्रा को दतिया में पराजय का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें भिंड, लहार, मेहगांव और सेवढ़ा जीतीं, जबकि कांग्रेस ने अटेर, गोहद, भांडेर और दतिया में कब्जा किया।

### भिंड और दतिया जिले को मिलाकर बनी सीट

भिंड लोकसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। इसके अंतर्गत भिंड जिले की पांच और दतिया जिले की तीन सीटें आती हैं। भिंड जिले की सीटों में अटेर, भिंड, लहार, मेहगांव, गोहद और दतिया जिले की सेवढ़ा, भाण्डेर तथा दतिया शामिल हैं। वर्ष 2008 से पहले तक भिंड लोकसभा सीट सामान्य थी, लेकिन इसके बाद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गई। जब सीट सामान्य थी, तब 1996 से 2004 तक लगातार डॉ. राम लखन सिंह भाजपा से सांसद रहे हैं। 1991 में भी भिंड से योगानंद सरस्वती जीते थे। आरक्षित होने के बाद 2009 में अशोक अर्गल, 2014 में डॉ. भागीरथ प्रसाद और 2019 में भाजपा की संध्या राय चुनाव जीते हैं। संध्या को एक बार फिर मौका मिला है। 1989 से लगातार यहां भारतीय जनता पार्टी ही काबिज है।

### भिंड में दलित और पिछड़ों का बोलबाला

- भिंड क्षेत्र के जातीय समीकरणों पर नजर डालने से पता चलता है कि यहां दलित एवं पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला है। दलित मतदाताओं की बहुतायत के कारण ही यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। दूसरे नंबर पर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी खासी है। चुनाव में सामान्य वर्ग के क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं, लेकिन ये दोनों वर्ग एक पार्टी में साथ नहीं जाते। चंबल-ग्वालियर अंचल की जातीय राजनीति का असर भिंड में भी है। हर चुनाव में इसका असर पड़ता है।

# कांग्रेस प्रत्याशी करेंगे राजगढ़ लोस में पदयात्रा

### 31 मार्च को नलखेड़ा से होगी शुरुआत

**नलखेड़ा।** राजगढ़ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार, पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजयसिंह मतदान के पूर्व लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा में पदयात्रा के माध्यम से मतदाताओं से रूबरू होंगे। इसकी शुरुआत 31 मार्च को नलखेड़ा में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शन पूजन के साथ होगी। राजगढ़ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजयसिंह 31 मार्च को विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रातः 7 बजे



पूजा अर्चना कर पदयात्रा प्रारम्भ करेंगे। इस दिन सिंह प्रातः 9 बजे श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर, 10 बजे ग्राम कचनारिया,11 बजे ग्राम पिपलियासेत, 12 बजे ग्राम रामनगर, दोपहर 01 बजे ग्राम भिडोन, 04 बजे ग्राम गुराड़िया खाती,05 बजे ग्राम टिकोन,06 बजे ग्राम मोहना पहुंचेंगे जहां नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। यहाँ से दिग्विजयसिंह की पदयात्रा सारंगपुर विधानसभा में प्रवेश करेगी।

# 4 वर्ष पुराने मामले में तात्कालिक बीईओ निलंबित

### संभाग आयुक्त ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

चार वर्ष पुराने मामले में उस समय की गई जांच के प्रतिवेदन में लिखी गई स्वयं की टीप से भिन्न कथन देने के मामले में तात्कालिक प्रभारी बीईओ एवं वर्तमान में शासकीय हाई स्कूल भैसोदा के प्राचार्य सुरेंद्रसिंह ठाकुर का उक्त कृत्य मप्र सिविल सेवा नियम के विपरीत होने के कारण उन्हें संभागायुक्त उज्जैन ने निलंबित कर दिया है। संभागायुक्त उज्जैन के आदेश क्रमांक 1813/एफ01-/विकास-दो/2024 दिनांक 27 मार्च 2024 के अनुसार हायर सेकेंडरी स्कूल पिलवास के कक्षा 10 के छात्र इच्छाधारी भिलाला को प्राचार्य केसी मालवीय के द्वारा जूते पहने मारने की जांच जांचकर्ता अधिकारी प्राचार्य शासकीय उमावि कानड मांगीलाल छायरा एवं सहायक जांचकर्ता अधिकारी प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी नलखेड़ा सुरेंद्रसिंह ठाकुर द्वारा दिनांक 04/01/2020 को करते हुवे कक्षा के छात्र/छात्रा, शिक्षकों, पालकों के लिखित कथनों को जांच उपरांत दोनों के हस्ताक्षरित जांच प्रतिवेदन एवं कथन सहपत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मं प्रस्तुत किया गया था। प्रभारी बीईओ नलखेड़ा सुरेंद्रसिंह ठाकुर के द्वारा शिकायत की जांच दिनांक 04.01.2020 के प्रतिवेदन में छात्रों के कथनों से घटना की पुष्टि होने की लिखित टीप के 04 वर्ष बाद अपने कथन केसी मालवीय के पक्ष में दिनांक 25.07.2023 को दिए गए। जिसमें ठाकुर द्वारा पूर्व के जांच प्रतिवेदन के विपरीत किसी तरह की मारपीट की पुष्टि मेरे समक्ष में किसी भी कथनों से नही हुई, लिखा गया है। ठाकुर द्वारा स्वेच्छा से पूर्व के कथन से जांच के संबंध में भिन्न कथन लिखा जाना मप्र सिविल सेवा आचरण 1965 के नियम 03 के विपरीत होकर नियमों का उल्लंघन होकर गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है।

आदेश में प्राचार्य हाई स्कूल भैसोदा सुरेंद्रसिंह ठाकुर का उक्त कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) के(एक)(दो)(तीन) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आने के कारण उन्हें उक्त गंभीर कृत्य के लिए मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील)नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए संभागायुक्त द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में ठाकुर का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी आगर रहेगा।

# उपाय एप के जरिए होगा विद्युत शिकायत का समाधान

**नलखेड़ा।** विद्युत संबंधी शिकायत के निराकरण के लिए उपाय एप के माध्यम से आसानी से समाधान किया जा रहा है। इसके लिए आपको अपने मोबाइल में उपाय एप डाउनलोड करना होगा। आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए भी उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप को डाउनलोड कर अपनी शिकायत का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस एप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं। साथ ही बिजली बिल भी आसानी से घर बैठे ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। बिजली उपभोक्ताओं के लिए उपाय एप के अनेक फायदे हैं। उपाय एप के रजिस्टर कम्पलेंट ऑप्शन्स की सहायता से विद्युत व्यवधान या बिल संबंधी शिकायत दर्ज कर शिकायत क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं। शिकायत के निराकरण की स्थिति भी उपाय एप के माध्यम से जान सकते हैं। अपने वर्तमान बिल को डाउनलोड करने के साथ ही बिल भुगतान भी किया जा सकता है। उपाय एप से बिल का भुगतान करने पर उपभोक्ता को बिल डेस्क, एचडीएफसी बैंक पे-यू, गूगल पे, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई, नेट बैंकिंग इत्यादि ऑप्शन्स प्राप्त होते हैं। उपभोक्ता इनमें से किसी भी एक माध्यम का चयन कर अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान कर तुरंत पावती प्राप्त कर सकते हैं।

### मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारी का निधन

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर की प्रबंध समिति के कर्मचारी हीरालाल सोनी का बुधवार रात्रि को निधन हो गया। उनके निधन पर गुरुवार को दोपहर 12 बजे तक मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान के कार्य बंद रहे। मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारी हीरालाल सोनी कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। जिनका इंदौर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था जहां बुधवार रात्रि को उनका निधन हो गया। स्व सोनी का अंतिम संस्कार गुरुवार प्रातः उनके गृह ग्राम छालडा में हुआ।



# भाजपा की बैठक संपन्न



**नलखेड़ा।** आगामी 1 अप्रैल को सांसद एवं राजगढ़ लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी रोड़मल नागर के नलखेड़ा मंडल प्रवास एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर मंडल के सेक्टर प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजकों की बैठक सम्पन्न हुई। बुधवार को स्थानीय देवनारायण मंदिर पर आयोजित बैठक में आगामी 01 अप्रैल को होली मिलन समारोह, बुथ समिति सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह की कार्य योजना को लेकर मंडल नलखेड़ा के सेक्टर प्रभारी शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक की बैठक संपन्न हुई।

### शासकीय कार्य के लिए 31 मार्च को खुले रहेंगे बैंक

**नलखेड़ा।** वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दिवस 31 मार्च, रविवार को शासकीय काम-काज के लिए बैंक खुले रहेंगे। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी मनीष कुमार सोलंकी ने मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा आगर, सुसनेर, नलखेड़ा को पत्र जारी 31 मार्च, रविवार को बैंक खुला रखने एवं बंद किए जाने के पूर्व कोषालय को आवश्यक रूप संसूचित करने हेतु कहा है, जिससे के किसी भी विभाग से संबंधित कोई भी शासकीय राजस्व चालू वित्तीय वर्ष-2023-24 के दौरान जमा होने वाली कार्यवाही संबंधित विभाग द्वारा पूर्ण की जा सके।

# शीतला माता मंदिर के सामने गंदगी और कीचड़ व्याप्त

### पार्षद के आवेदन के बाद भी नहीं हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के गोविंदपुरा वार्ड 12 में स्थित शीतला माता मंदिर के सामने स्थित हनुमान मंदिर के आसपास गंदगी व कीचड़ व्याप्त है। यहां होलिका दहन के बाद प्रतिदिन नगर की महिलाएं होली ठंडी करने पहुंच रही हैं, वहीं शीतला सप्तमी पर सम्पूर्ण नगर की महिलाएं होली ठंडी करने व माता रानी की पूजा करने पहुंचेगी। क्षेत्र की पार्षद द्वारा लिखित व मौखिक रूप से सीएमओ को जानकारी देने के बाद भी व्याप्त गंदगी के चलते नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उंगली उठ रही है।

वार्ड 12 की पार्षद लक्ष्मीबाई वेदिया ने बताया कि जहां गंदगी पसरी हुई है। वहां नगर परिषद द्वारा सीमेंट कांक्रीट के टेंडर किए जा चुके हैं। लगभग पौने दो माह पूर्व गत 8 फरवरी को उनके द्वारा सीएमओ को लिखित में आवेदन देकर यहां शीतला सप्तमी के पूर्व सीसी करवाने की मांग की गई थी, लेकिन आज तक यहां सीसी नहीं हो पाई है। पार्षद लक्ष्मी बाई वेदिया ने बताया कि शीतला माता मंदिर के सामने स्थित हनुमान मंदिर के यहां कीचड़ व गंदगी व्याप्त है। जहां पर होली पर्व पर संपूर्ण नगर की महिलाएं शीतला माता की पूजा करने आ रही हैं। लेकिन नगर परिषद द्वारा लिखित व मौखिक सूचना देने के बाद भी यहां की समुचित सफाई नहीं करवाई गई है।




### पारा 37 डिग्री के पार, आने वाले दिनों में बारिश के आसार

# एक सप्ताह से लगातार हो रही तापमान में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। लेकिन अब मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 72 घंटे के बाद वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण घने बादल छा सकते हैं और हल्की बारिश होने का अनुमान है।

जानकारी के अनुसार बीते एक सप्ताह से रात में ठंड और दिन में लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा है। लोगों को ऐसा आभास होने लगा है कि अब गर्मी ने दस्तक दे दी है, लेकिन मौसम विभाग का अनुमान कह रहा है कि एक बार फिर मौसम बदलेगा। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि 72 घंटे के बाद घने बादल छा सकते हैं और




बारिश होने का भी पूर्व अनुमान है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्मी के मौसम को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने के संबंध में एडवॉयजरी जारी की गई हैं। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि भीषण गर्मी में लू लगने की सर्वाधिक संभावना रहती है। जिसमें गर्म लाल और सूखी त्वचा, शरीर का तापमान बढ़ना, उल्टी आना, बहुत तेज सिरदर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द जैसे लक्षण शामिल है। ऐसी स्थिति में अस्वस्थ महसूस करें तो तुरंत पानी का सेवन करना चाहिए। किसी छायादार और ठण्डी जगह पर आराम करें।

अगर हो सके तो ठंडे पानी से नहा लें। डॉक्टर को दिखाएं या एम्बुलेंस को कॉल करें। धूप एवं गर्मी में ऐंठन एक घंटे से ज्यादा रहती है, बेहोशी की संभावना बनी रहती है। बच्चों के भी बीमारी की संभावना रहती है। उनमें बेहोशी की स्थिति, मांस पेशियों मे जकड़न, मीर्गी का दौरा पड़ना, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आना, बेतुकी बातें करना, चक्कर आना अथवा कमजोरी, सांस एवं दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी होना, नींद न खुलना आदि लक्षण शामिल है। ऐसी अवस्था में बच्चों को तुरंत छांव में लाए, बच्चों के कपड़े जहां तक हो सके ढीला कर दें।

# लोकसभा निर्वाचन : अभ्यर्थी सहित 5 व्यक्ति ही आरओ कक्ष में कर सकेंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक चलेगी। 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने अथवा दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सभी सुसंगत एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे नामांकन फार्म जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ आरओ कक्ष में आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी। एक अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। इनको एक साथ या पृथक से जमा किया जा सकता है। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्रॉफी भी कराई जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## जंगल में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**चापडा।** बागली पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम आवल्दी निवासी एक युवक ने बुधवार देर रात्रि में गांव के समीप लगभग एक किमी अंदर जंगल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डायल हंड्रेड चापड़ा पायलट कान्हा पटेल, प्रभारी भूपेष बर्मन घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। जहां युवक का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला। पुलिस द्वारा मौका पंचनामा बनाकर शव को शासकीय अस्पताल बागली भेजा गया। गुरुवार की सुबह पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवलाल पिता खुशी लाल कोरको निवासी आवल्दी ने अज्ञात कारणों के चलते पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, हालांकि आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। गुरुवार को शासकीय अस्पताल में शव का पीएम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए सार्वजनिक व सामान्य अवकाश घोषित

**देवास।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रदेश के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चार चरणों मतदान होगा। राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्सट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया हैं। प्रथम चरण में 19 अप्रैल (शुक्रवार) द्वितीय चरण में 26 अप्रैल (शुक्रवार) तृतीय चरण में 7 मई (मंगलवार) एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को होने वाले निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए उक्त तिथियों में सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### कार्यकर्ता सम्मेलन व होली मिलन समारोह चापडा में हुआ आयोजित

# कार्यकर्ता सम्मेलन में नेताओं ने रखी अपनी बात, जीत को लेकर भरी हुंकार

विधानसभा चुनाव के चलते कार्यकर्ता एवं होली मिलन समारोह हुआ। मंच पर पहुंचने के बाद भी किसान नहीं रख पाए अपनी बात, अधिग्रहित की गई भूमि की उचित मुआवजा की थी मांग।




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा


आगामी विधानसभा चुनाव के चलते नगर चापड़ा में बागली रोड पर स्थित ऋण मुक्तेश्वर धर्मशाला में विधानसभा स्तरीय भाजपा का कार्यकर्ता एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंत्री विजय शाह, भाजपा सांसद प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल, जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, मुरली भंवरा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी, पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे, मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह एवं बागली विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्ष की उपस्थित में, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम कि शुरुआत कि गई।

इस दौरान मंचासीन अतिथियों द्वारा केंद्र सरकार की योजना के बारे में जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी दिनों में होने वाले मतदान के लिए आज से ही मैदान संभालने की अपील की गई। नेता अपने उद्बोधन में सिर्फ मोदी के नाम पर ही वोट मांगते दिखाई दे रहे थे। मंत्री विजय शाह ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बागली विधानसभा में हमेशा कमल ही खिला है, और यह परंपरा आगामी दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी जारी रहना चाहिए। इस दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी के नेतृत्व में अंकुर कानूनगो सहित समर्थकों का भाजपा के दुपट्टे से स्वागत किया गया। बागली मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वागत भाषण दिए। इस दौरान नप करनावद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, नप बागली अध्यक्ष सीमा कमल यादव, खुशीलाल राठौर, निर्मला कार्पेंटर, भगवानसिंह कासलीवाल, अमित धूलिया, उज्वल जोशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था लोकसभा चुनाव सहप्रभारी कमल यादव व्दारा किया गया। ज्ञानेश्वर पाटिल 2021 में लोकसभा के उपचुनाव के दौरान पहली बार सांसद बने थे। मंच से भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के दौरान सिर्फ केंद्र सरकार एवं मोदी के नाम पर ही वोट मांगने की बात कही गई।

### मार्ग पर लगा जाम

कार्यक्रम स्थल पर बागली मार्ग पर भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं के वाहन खड़े होने के कारण लगभग 1 घंटे तक मार्ग से गुजरने वाले अन्य राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दे की बागली में कमल किशोर नागर की कथा चल रही है, जिस कारण ट्रैफिक भी अधिक है। नेताओं द्वारा सड़क पर वाहन खड़े कर दिए गए। जिसके कारण जाम लग गया था। आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जब वाहनों के हार्न की आवाज नेताओं के कान तक पहुची, तो कुछ युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गए और नेताओं के वाहनो को सड़क से एक तरफ किया, जिसके बाद मार्ग पर ट्रैफिक खत्म हुआ।

### किसानों ने जताई नाराजगी



कार्यक्रम के दौरान इंदोर बुधनी रेलवे एवं हाईवे मार्ग निर्माण के दौरान किसानों कि अधिग्रहण कि गई भूमि की उचित मुआवजा राशि किसानों को नहीं दी गई है। उसी समस्या को लेकर कुछ किसान अपनी समस्या से भाजपा नेताओं को अवगत कराने पहुंचे थे, लेकिन मंच पर बैठे नेताओं का व्यवहार किसानों के प्रति संतोषजनक नहीं रहा। लोकसभा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल व अन्य नेताओं ने किसानों से ठीक से बात तक नहीं की, जिसको लेकर किसानों ने नाराजगी जताई है।

# किसान ने सीवरेज लाइन डालने पर जताया विरोध

### लिखित आश्वासन के बाद माना किसान



**देवास।** किसान की निजी जमीन पर खुदाई कर निकाली जा रही थी लाइन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुरुवार सुबह शहर की मैना श्री कालोनी में सीवरेज लाइन डालने को लेकर विवाद की स्थिति बन गईं। कॉलोनीवासियों को सीवरेज की समस्या से निजात दिलाने निगम प्रशासन द्वारा सीवरेज की पाईप लाईन डालने के लिए खुदाई की गई। जंहा से खुदाई की गई हैं वह किसान की निजी जमीन हैं।

जिसको लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई। किसान ने आपत्ति जताकर अपने खेत से जा रही सीवरेज लाईन को लेकर विरोध जताया।दरअसल मुखर्जीनगर स्थित मैना श्री कालोनी से जुड़ा है। नगर निगम द्वारा सीवरेज लाईन निकाली जा रही है जो किसान के खेत की बाउंड्री से होकर निकलेगी। जिसको लेकर गुरुवार को नगर निगम प्रशासन व किसान के बीच जमकर बहस हुई। किसान द्वारा अपने खेत पर जाने वाले गेट पर ताला लगा दिया था प्रशासनिक अधिकारी किसान परिवार से ताला खोलने के लिए गुहार लगाते रहे। लेकिन परिवार विरोध जताता रहा।सूचना के बाद तहसीलदार सपना शर्मा , रवि शर्मा भी मौके पर पहुंची और किसान परिवार से बात की। इस दौरान नगर निगम अधिकारियों द्वारा किसान को कहा गया कि सीवरेज लाईन निकालने पर कुछ भी आगे से किसान को नुकसान होता है तो उसकी समस्या का निदान नगर निगम द्वारा किया जाएगा। लिखित आश्वासन के बाद अंततः किसान परिवार ने सीवरेज लाईन डालने की अनुमति दे दी। करीब ढ़ाई घटे तक पुरा घटनाक्रम चलता रहा। इस दौरान मौके पर नगर निगम सहित पुलिस की टीम भी मौजूद थी।

इंदू प्रभा भारती कार्यापालन यंत्री नगर निगम ने बताया कि गीता श्री मैना श्री कालोनी के रहवासी द्वारा सीवरेज लाईन को लेकर शिकायत की जा रही थी। उसके लिए सीवरेज टीम व नगर निगम द्वारा डिसाईड किया था कि जो पास में खेत है यहां से लाईन डालकर हमारी मुख्य लाईन में जोड़कर इसका निराकरण किया जाए। लेकिन खेत के किसान द्वारा इसको लेकर आपत्ति दर्ज की जा रही थी। आज खेत के किसान ने अनुमति दे दी है। आगे से उनका किसी भी तरह का नुकसान होगा तो नगर निगम द्वारा उनका समाधान किया जाएगा।

### 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले महायज्ञ के लिए यज्ञशाला निर्माण शुरू

**चापडा।** नगर में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में राम परिवार की प्राण प्रतिष्ठा हो ना हैं। इस अवसर पर होने वाले पंचकुण्डात्मक श्री राम महायज्ञ के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। बुधवार से यज्ञशाला का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसमें पांच यज्ञकुंड बनाए जाएंगे। इस महायज्ञ में 25 जोड़े आहुति देंगे। साथ ही यज्ञाचार्य सहित 16 पंडित इस महायज्ञ को आयोजित कराएंगे। इसी दौरान मंदिर परिसर में राधा कृष्ण की प्रतिमा स्थापित होना है, जिसके लिए नवीन छोटा मंदिर भी बनाया गया है।

### आबकारी विभाग ने ढाबों पर कार्रवाई कर 6 प्रकरण किए दर्ज

**देवास।** जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा कन्नौद/खातेगांव में होटल/ढाबों पर कार्यवाही कर कुल 06 प्रकरण दर्ज किये। कार्यवाही में खातेगांव में 03 गत्ते की पेटी में 62 पाव देशी मदिरा प्लेन, 06 केन बीयर की जप्त की गई। कन्नौद में 70 पाव देशी मदिरा प्लेन जप्त की गई। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 09 हजार 240 रूपए है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक विजय कुचेरिया, कैलाश जामोद, आरक्षक शंकरलाल परते, निहाल खत्री शामिल थे।



# करनावद में पति ने कुल्हाड़ी से की पत्नी की हत्या





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

करनावद क्षेत्र में इस प्रकार की घटना दूसरी बार देखने में आई है। गुरुवार को करनावद नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 में 40 वर्षीय महिला की कुल्हाड़ी मारकर पति ने हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया।

मृतक महिला गुड्डी बाई की छः लडकी एवं एक लड़का है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां पर परिवार के कथन लिए गए। इस दौरान मृतक महिला के मायके पक्ष के लोगों ने इस मामले को लेकर काफी नाराजगी व्यक्त की। ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया।

घटना के बाद मृतिका के मायके पक्ष के परिवार जनों ने आक्रोष में आकार आगजनी की कोशिश की। पुलिस की तत्परता से उक्त लोगो को खदेड़ कर आग बुझाई गई। हालांकि महिला की हत्या किस विवाद को लेकर की गई है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मौका पंचनामा बनाकर शव शासकीय अस्पताल हाटपिपल्या पीएम के लिए भेजा।वही पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस आरोपी श्याम भील की तलाश कर रही है।

# भगवान देवनारायण कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ, 111 कन्याओं का होगा निःशुल्क विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सर्व सामाजिक विकास संस्था, हिन्दू शक्ति दल एवं हिन्दू सनातन सेवा संगठन द्वारा आयोजित देवनारायण कथा एवं 5 अप्रैल को सर्व समाज की 111 कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।

यात्रा सेन समाज धर्मशाला बस स्टेण्ड से प्रारम्भ होकर राज शान्ति कॉलोनी पहुची। यात्रा में प्रचार वाहन, दो बैंड, 20 ढोल, 20 ताशा पार्टी, पुष्प वर्षा तोप, एक देवनारायण जी की झांकी, ट्राले पर भजन पार्टी के साथ राधा कृष्ण का नृत्य, 6 घुड सवार, 5 बग्घी के साथ 9 पवित्र नदियों का जल, कलश धारी मातृ शक्ति, एक बग्घी में कथावाचक प्रभु लाल पंडा जी (मगरिया धाम), यज्ञ आचार्य राम झांकी, वानर सेना झांकी, राधा कृष्ण झांकी, हनुमान जी की झांकी आदि शामिल थी। जो पूरे मार्ग के दौरान आकर्षण का केन्द्र रही। कलश यात्रा में मुख्य रूप से अतिथि हिन्दू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सरोके, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, संस्था संरक्षक रामेश्वर दायमा, ठाकुर जयसिंह समिति हुकुम सिंह पवार, गिरवर सिंह कुशवाह, आनंदीलाल राठौर, अशोक पोरवाल, जुगल किशोर राठौर, कन्हैयालाल गेहलोत, राजेन्द्र संघवी, कविता ठाकुर, कैलाश पांचाल, जितेंद्र सिंह पवार, महेश गुप्ता, आकाश मुजावदिया, वाल्मीक चौरसिया, विनोद शर्मा सहित बडी संख्या में समाजजन, कार्यकर्ता, संस्था सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी अशोक पोरवाल ने दी।



### कायस्थ समाज ने मनाया भाई दूज पर्व व चित्रगुप्त चौराहा का चतुर्थ स्थापना दिवस

# चित्रांश बंधुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया होली पर्व





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत देवास ने 27 मार्च को नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राम श्रीवास्तव एवं प्रभारी महिला जिला अध्यक्ष शशि खरे के नेतृत्व में चित्रगुप्त चौराहा देवास का चौथा स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी एम श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष देवास राम श्रीवास्तव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक निगम द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तदोपरांत समस्त चित्रांश बंधुओ द्वारा महा आरती की गई एवं दीप उत्सव मनाया। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी एम श्रीवास्तव इंडोत्रोम इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर का स्वागत देवास टीम द्वारा पुष्पमाला से किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि कायस्थ समाज देवास का कार्य बेहद सराहनी और प्रशंसनीय है, आज के कार्यक्रम में भारी संख्या में पधारे चित्रांश बंधुओ से ऐसा प्रतीत होता है कि देवास कायस्थ समाज द्वारा बहुत अच्छा काम किया जा रहा है।

इसीलिए संगठन में भारी संख्या में कायस्थ बंधु जुड़ते जा रहे हैं और संगठन मजबूत होता जा रहा है। पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा यह निश्चित रूप से देवास जिले की कायस्थ टीम की सकारात्मक, रचनात्मक विकासात्मक संगठनात्मक और निस्वार्थ भाव से सेवा करने का नतीजा है। आपके ने कहा कि कायस्थ समाज को जहां भी मेरी आवश्यकता हो मैं सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। देवास की पूरी टीम द्वारा मुख्य अतिथि की समाज के प्रति सकारात्मक सोच और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया। चित्रांश बहनें कार्यक्रम में 5 आरती की थालियां सजा कर लाई थी।

उनका चयन रवि श्रीवास्तव, शैलेश कानूनगो, हेमंत निगम काकू, शोभा उमाशंकर श्रीवास्तव द्वारा किया गया। जिसमें प्रथम महिमा श्रीवास्तव, द्वितीय मधु बलुआ पुरी, तृतीय स्थान प्रियंका श्रीवास्तव को प्राप्त हुआ। समाज के प्रदेश सचिव मनोज श्रीवास्तव द्वारा इन तीनों चित्रांश बहनों को पुरस्कार प्रदान किये गये। दो थाली जो चयनित नहीं हो पाई उनको शशि खरे प्रभारी महिला जिला अध्यक्ष द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई। समस्त चित्रांश बंधुओ ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। समस्त चित्रांश बंधुओ ने चौराहे पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विशेष सहयोग प्रदान करने वालों का भी स्वागत वंदन और अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रदीप खरे प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं जिला प्रवक्ता संतोष श्रीवास्तव द्वारा किया गया। स्वागत राम श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष, मनोज श्रीवास्तव प्रदेश सचिव, पवन श्रीवास्तव प्रदेश युवा उपाध्यक्ष द्वारा किया गया तथा आभार शहर अध्यक्ष विशाल सक्सेना, आशुतोष श्रीवास्तव शहर युवा अध्यक्ष ने माना एवं समस्त चित्रांश बंधुओ को बधाई प्रेषित की। कायस्थ समाज की संपूर्ण टीम ने बताया कि चित्रगुप्त चौराहा का निर्माण देवास जिले के समस्त चित्रांश बंधुओ के योगदान एवं सहयोग से हुआ है इसलिए समस्त चित्रांश बंधुओ को पूरी टीम ने बधाई दी। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ संपन्न हुआ।

### भाटी का हुआ निधन, दी श्रद्धांजलि



**बागली।** नगर निवासी स्व. मदनलाल भाटी के पुत्र व मूलचंद, सत्यनारायण हरिशंकर,संतोष, कुलदीप के बड़े भाई व ओमप्रकाश भाटी के छोटे भाई,रितेश एवम निलेश के पिता जुगलकिशोर भाटी का गत दिनों निधन हो गया। उनके निधन पर अधिवक्ता राजेंद्र कुमार ईनाणी, विजय यादव, पुष्कर गुप्ता, राजेश तंवर, रजत बजाज,उत्तम आचार्य, ठाकुर तंवर, गुरुदत्त सिंह डाबी,दीपक गुर्जर, दिलीप पाटीदार, ललित भाटी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अयोध्या धाम से मथुरा धाम तक निकलेगी रंगारंग फाग यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सामाजिक समरसता मंच के तत्वाधान में पारंपरिक फाग यात्रा इस बार और भव्यता के साथ निकलेगी। फाग यात्रा अयोध्या धाम (जवाहर चौक) से सुबह 10.30 बजे, 30 मार्च रंगपंचमी के दिन प्रभु श्री राम जी की आरती के साथ आरंभ होगी।

जिसमें विशेष आकर्षण मातृशक्ति द्वारा ब्रज की लठमार होली के साथ रंग गुलाल और पानी के टैंकर द्वारा रंगो की जककर बौछार की जाएगी। श्री राधा कृष्ण जीवंत झांकी,पंजाबी भांगड़ा नृत्य, भगोरिया नृत्य टोली, प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा पूरे यात्रा के समय प्रस्तुति आदि आकर्षण का केंद्र रहेगा।

पूरे यात्रा मार्ग में व्यापारी व सामाजिक संगठनों द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई है। फाग यात्रा नयापुरा, तुकोगंज रोड, जनता बैंक चौराहा, सुभाष चौक, नावेल्टी चौराहा एमजी रोड होते हुवे श्री मथुरा धाम (सयाजी द्वार) पर श्री कृष्ण लला की आरती के साथ यात्रा का समापन होगा। समापन के बाद अपल्हार कि व्यवस्था भी रहेगी। अतः देवास की सभी धर्म प्रेमी जनता एवं मातृ शक्तियों से अनुरोध हैकि अपने परिवार, इष्टमित्रों सहित सम्मिलित होकर फाग यात्रा को सफल बनाए। उक्त जानकारी संजय शुक्ला ने दी।

खबर संक्षेप

## नाबालिगों को परिजनों को सौंपा

**गंजबासौदा।** गत दिवस फरियादी ने अपने नाबालिग पुत्र उम्र 5 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मंगलवार को सिटी थाना पुलिस टीम द्वारा निरीक्षक संजीव कुमार चौकसे के नेतृत्व में लक्ष्मण डाबर द्वारा अपहृत बालक को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की गई। वहीं एक अन्य घटना में फरियादी ने अपनी नाबालिग बालिका उम्र 16 वर्ष 4 माह को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट कराई थी। जिस पर भादंवि की धारा 363 भादंवि का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। बुधवार को सिटी थाना पुलिस द्वारा निरीक्षक संजीव कुमार चौकसे के नेतृत्व में पुलिस टीम के जितेन्द्र शर्मा द्वारा अपहर्त बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। उक्त कार्य में थाना प्रभारी संजीव कुमार चौकसे, लक्ष्मण डाबर, जितेन्द्र शर्मा, भूपेन्द्र चौबे, राजू जाट, सरमन साहू, संतोष मरकाम, अंकिता अग्निहोत्री का सराहनीय सहयोग रहा। दोनों नाबालिग बालक, बालिका को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## बाइक आपस में टकराई

**त्योंदा।** गत दिवस सुमेर दांगी में दो बाइक आपस में टकरा गई। जिसमें ग्राम मदनई निवासी अंकित दांगी नामक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए त्योंदा स्वास्थ्य लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकर द्वारा उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया।

## शराब सस्ती होने से झूमते दिख रहे शराबी

**त्योंदा।** इन दिनों त्योंदा क्षेत्र में शराब के दाम कम होने से जगह-जगह शराबी झूमते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह शराब बिकने से लोग परेशान हो रहे हैं। ग्राम लगधा, मूड़रा, नयागांव, पिपराहा, खामखेड़ा आदि ग्रामों में शराब बिक रही है और शराब माफिया के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

## बलवंत सिंह राजपूत का निधन

**गंजबासौदा।** नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य पहलवान सिंह राजपूत के पिताजी बलवंत सिंह राजपूत का गत दिवस निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम जोहद में किया गया। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



# एक बार फिर समय पर नहीं पहुंची एंबुलेंस, प्रायवेट वाहन का लेना पड़ा सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस डाउन लाइन से आ रही गाड़ी कुशीनगर एक्सप्रेस के ड्राइवर ने सुमेर गुलाबगंज सेक्शन में एक व्यक्ति को घायल अवस्था में पड़ा देखा ड्राइवर ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी को तुरंत रोककर इसकी सूचना गार्ड एवं सेक्शन कंट्रोलर भोपाल को दी। सेक्शन कंट्रोलर द्वारा घटना की जानकारी गंजबासौदा स्टेशन मास्टर को दी गई। सेक्शन कंट्रोलर से सूचना मिलते ही ऑन ड्यूटी उप स्टेशन प्रबंधक रवि कुमार एवं जय सिंह मीणा ने तुरंत ही घटना की जानकारी आरपीएफ, जीआरपी, जन चिकित्सालय एवं डायल 108 को दी। 15 मिनिट पश्चात जब एंबुलेंस स्टेशन नहीं पहुंची। तो ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर द्वारा सिग्नल विभाग के कर्मियों को सूचना दी गई।

श्रमदान दल के सदस्य एवं सिग्नल विभाग में कार्यरत आकाश जैन को जैसे ही घटना की जानकारी मिली। तो उन्होंने माल गोदाम के पास खड़े निजी वाहन के मालिक नामदेव मराठा से घायल को अस्पताल भेजने का आग्रह किया। जिसके बाद मराठा ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। विडंबना यह है कि एक माह में यह तीसरा मामला है जब सूचना के बाद भी डायल 100 या 108 एम्बुलेंस समय पर स्टेशन नहीं पहुंची।

एक और जहां रेल विभाग के कर्मचारी घायलों और पीड़ितों की मदद करने के हर संभव प्रयास करते रहे हैं। कभी विभागीय वाहन से तो कभी निजी वाहन से पीड़ितों और घायलों को अस्पताल पहुंचा रहे तो दूसरी ओर एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था अपने कार्य के प्रति निरंतर गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाए हुए है। बार-बार एक ही





तरह की गलतियां दोहराई जा रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी घटनाओं पर मौन धारण किए हुए है। नतीजन सेवा प्रदाताओं के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। घायल को ट्रेन से उतरवाने से लेकर अस्पताल पहुंचाने में सिग्नल विभाग के जावेद खान, कमल कुशवाह, राहुल परोचे, आकाश जैन, आरपीएफ के दिगंबर सिंह, मोहम्मद वसीम, परिचालन विभाग के राजेंद्र अवस्थी, बहादुर सिंह, अरुण मराठा शामिल हैं। घायल व्यक्ति द्वारा आरपीएफ पुलिस को अपने बयान में बताया कि उसका नाम सुरेंद्र ठाकुर है और वह जैतपुर का निवासी है और वो अपने निजी कारणों से आत्महत्या करने रेलवे ट्रैक पर पहुंचा था। जहां ट्रेन की टक्कर से घायल हो गया।

### नगर में आज भी जीवित है ढाई सौ वर्ष पुरानी अनरय की परंपरा, पंचायत घर-घर जाकर मिटाती है अनरय

# इलाके में हर्ष उल्लास और उत्साह पूर्वक मनाया होली और भाई दूज का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में रंगों का त्यौहार होली और भाई दूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। होली के अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर अपने पुराने गिले सिकवे भूलकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं भाई दूज के अवसर पर बहिनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाकर लंबे उम्र की कामना की। नगर में प्रथम होलिका दहन शीतला माता मंदिर परिसर में रात 11 बजकर 55 पर हुआ इसके बाद नगर के अन्य वार्डों में होली दहन की शुरुआत हुई।

नगर में देर रात तक तक सभी जगह होली दहन हो चुका था। सोमवार सुबह के अवसर पर जमकर रंग गुलाल उड़ाते बच्चों में होली को लेकर ज्यादा उत्साह देखा गया। सुबह से ही बच्चे रंग गुलाल लेकर एक दूसरे को लगाते नजर आए। होली के अवसर पर देर रात तक रंग गुलाल उड़ता रहा। कई जगह लोगों ने गोटों का आयोजन भी किया। होली के त्यौहार के अवसर पर पुलिस प्रशासन भी







चौकस रहा लगातार शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच होती रही। इसके अलावा गली मोहल्ले में और रंग मचाने वालों को भी लगातार समझाइश दी जाती रही, जिससे होली का त्यौहार शांतिपूर्ण माना। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के कारण पुलिस प्रशासन भी लगातार संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करता नजर आया। वहीं प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम पिथौली धाम बालाजी बांकागढ में रात्रि के समय नारियल होली दहन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामों से श्रद्धालुओं ने होलिका दहन में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। उधर सदर बाजार में ढाई सौ वर्ष पुरानी अनरय की पंचायत का आयोजन किया गया। बुजुर्गों ने ढाई सौ वर्ष पूर्व अनरय की पंचायत की परंपरा की शुरुआत की थी उसे आज नई पीढ़ी के युवा निभा रहे हैं। इस परंपरा का आयोजन हर वर्ष होली की धुलेंडी के अवसर पर किया जाता है। सांप्रदायिक सौहार्द की मिशाल के साथ इस इस पंचायत में मुस्लिम समाज के लोग भी शिरकत करते हैं। प्रतिवर्ष सदर बाजार स्थित स्व. गोपालजी धन्ना लाल के चबूतरे पर अनरय की पंचायत बैठती है। लेकिन इस बार सोमवार को सुंदर मंदिर के पास स्थित चबूतरे पर पचांयत बैठी।





पंचायत में सर्वसम्मति से एक बार फिर निर्दोष महाराज को सरपंच चुना गया। जिन परिवारों में गमी हुई थी उन्हें रंग लगाने का अधिकार दिया गया और यह टोली उन परिवारों के यहां रंग गुलाल लगाकर अनरय दूर करने के लिए निकली। घर घर पहुंच कर अनर दूर करने के पश्चात पंचायत का लेखा-जोखा बताने के बाद अगले वर्ष तक के लिए इसका समापन कर दिया गया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रमुख शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि इस प्राचीन पंचायत की परंपरा को सभी लोग मिलकर निभा रहे हैं। वहीं श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी राजपूत सरदारों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम पश्चात सभी समाज बन्धु अनरय वाले परिवारों में होली मनाने गये।

# वंदे भारत की चपेट में आए व्यक्ति को डॉयल 100 ने पहुंचाया अस्पताल, रेल कर्मियों की तत्परता से बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस बंद हो चुके समपार फाटक क्रमांक 289 के पास एक घायल व्यक्ति पड़ा होने की स्थानीय लोगों से रात्रि लगभग सवा नौ बजे आरपीएफ को सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर संज्ञान लेते हुए आरक्षक मोहम्मद वसीम मौके पर पहुंचे तो लोगों ने बताया कि घायल हुआ व्यक्ति तेज रफ़्तार से गुजरी ट्रेन से टकरा गया है। जब ट्रेन की पड़ताल की गई तो ज्ञात हुआ कि तेज रफ्तार से गुजरी ट्रेन 20172 नई दिल्ली रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस थी। आरक्षक वसीम द्वारा 108 एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर तुरंत डायल 100 से संपर्क किया गया और स्थानीय लोगों एवं रेल कर्मियों के सहयोग से घायल व्यक्ति को डायल 100 में बैठाकर उपचार हेतु शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। ट्रेन की चपेट में आए व्यक्ति का नाम अमर सिंह रघुवंशी उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी गायत्री नगर वार्ड नंबर 6 है । ट्रेन की चपेट में आने से उनके दोनो पैर पंजे के ऊपर से कट कर अलग हो गए।



## भारतीय जनता पार्टी का होली मिलन समारोह आज

**गंजबासौदा।** भारतीय जनता पार्टी होली के रंग मामा के संग थीम को लेकर पूरी विधानसभा में होली मिलन समारोह भारतीय जनता युवा मोर्चा के माध्यम से आयोजित करने जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर व ग्रामीण मंडल का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 29 मार्च को शाम 5 बजे त्योंदा मंडल द्वारा स्थानीय चित्रांश गार्डन में होली मिलन कार्यक्रम व इसी दिन शाम 5 बजे ग्यारसपुर में ग्यारसपुर मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक अधिकारी ने बताया की नगर मंडल व ग्रामीण मंडल का संयुक्त कार्यक्रम 28 मार्च को स्थानीय शहनाई गार्डन काला बाग में शाम 4 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हुजूर विधानसभा के विधायक भाजपा के वरिष्ट नेता रामेश्वर शर्मा, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, जनपद अध्यक्ष नीतू सिंह रघुवंशी सहित अनेक भाजपा नेताओं की उपस्थिति में रहेगी। युवा मोर्चा अध्यक्ष ने बताया की यह पूरा आयोजन होली के रंग मामा के संग थीम पर आधारित है। पूरे आयोजन के लिए मनोरंजन की दृष्टि से भजन मंडली व फाग गाने वाले कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मीडिया के माध्यम से समस्त भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से व शहर के गणमान्य नागरिकों से होली मिलन समारोह के कार्यक्रम समलित होने की अपील की है। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा मीडिया प्रभारी अमित शुक्ला द्वारा विज्ञप्ति जारी कर दी गई।

# सिद्ध स्थानों पर दिया महायज्ञ का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साकेतवासी जगन्नाथदास महाराज ने तुलसी विवाह के समय घी कम पड़ने पर जिस इमली घाट से पानी लेकर उस पानी से पूड़ियां तलवा दी थी। उस स्थान के सिद्ध बाबा को भी बुधवार को फाल्गुन की बड़ी दूज पर ध्वजा, नारियल भेंट करते हुए प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आमंत्रण सौंपा गया। वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर 10 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, संत सम्मेलन, राम कथा और रामलीला सहित अन्य आयोजन के निर्विघ्नता पूर्वक सफलता के लिए बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न सिद्ध स्थानों पर विशेष पूजन अर्चन के साथ स्थानीय देवताओं को आयोजन का निमंत्रण सौंपा गया। फाल्गुन मास की बड़ी दूज होने के कारण क्षेत्र में कई स्थानों पर विशेष पूजन अर्चन के साथ स्थानीय देवताओं को रंग गुलाल लगाया गया। वेत्रवती घाट के पास मौजूद दशक पुराने सिद्ध बाबा स्थान और रजोदा रोड़ स्थित नवीन न्यायालय के भांवर घाट पर मौजूद स्थान पर भी आश्रम के महंत राम मनोहरदास महाराज,पंडित केशव शास्त्री, संजय पाठक एवं अन्य ब्राह्मणों के द्वारा पूजन अर्चन की गई। नौलखी पर जब भी कोई धार्मिक आयोजन होता है। तब इन स्थानों पर आश्रम के



महंत स्वयं चलकर आमंत्रण देते हैं और आयोजन निर्विघ्नता पूर्वक संपन्नता के लिए विनय करते हैं।

आश्रम से 1 किलोमीटर दूर बर्रीघाट पुल के पहले वेत्रवती घाट पर ही इमली का बहुत बड़ा विशाल पेड़ साकेतवासी जगन्नाथ दास महाराज के समय से मौजूद है। पंडित केशव शास्त्री ने बताया कि साकेतवासी जगन्नाथदास महाराज इसी इमली के पेड़ के पास मौजूद सिद्धों के स्थान पर घनघोर तपस्या करते थे। तुलसी विवाह में घी कम पड़ने पर इसी घाट से पानी लेकर उन्होंने उसे घी में बदलकर उस पानी से पूड़ियाँ तलवा दीं थी, बाद में उतना ही घी नदी में वापस डाला, जितना पानी लिया गया था। उदयपुर के साहबा में सिद्धों की टोरिया सहित क्षेत्र के सभी सिद्ध स्थानों में आज बड़ी दोज पर ध्वजा,नारियल भेंट करते हुए आमंत्रण दिया गया है। नौलखी के महंत राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि यह दोनों स्थान साकेतवासी जगन्नाथदास महाराज के तपस्वी स्थल रहे हैं। साथ ही क्षेत्र के जितने भी मठ मंदिर हैं उन स्थानों पर भी आश्रम की ओर से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आमंत्रण आज से भेजना प्रारंभ किया जा रहा है। नौलखी आश्रम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आमंत्रण काशी, चित्रकूट, अयोध्या, वृंदावन, प्रयागराज, बद्रीनाथ, हरिद्वार, उत्तरकाशी सहित विभिन्न तीर्थ क्षेत्र में संतों के लिए भेजा जा चुका है। इस आयोजन में तीर्थ क्षेत्र के सिद्ध तपस्वी संतों का आगमन होगा। इस मौके पर 33 कुंडीय सीताराम महायज्ञ के अलावा अयोध्या से पधार रहे कथा व्यास रत्नेश महाराज द्वारा संगीतमय राम कथा का वाचन किया जाएगा। अयोध्या की रामलीला का मंचन रात्रि में होगा।

### सेवा केंद्र पर धूमधाम के साथ मनाया भाई दूज का त्यौहार

# 'परमात्मा को भाई मानकर चलना ही सदा सुखी रहना है'




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र द्वारा भाई दूज का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें रेखा दीदी ने भाई दूज का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि होली पर्व के बाद भाई दूज का पर्व मनाया जाता है जिसमें बहन भाई की लंबी उम्र के लिए भाई को तिलक लगाकर ईश्वर से प्रार्थना करती है। इस पर्व के संबंध में एक कथा प्रचलित है। यमुना और यम दोनों बहन भाई थे। यम को यमपुरी में आत्माओं के कर्मों के हिसाब किताब देखने और कर्म अनुसार फल देने की सेवा मिली यमुना अपने भाई यम को घर आने का निमंत्रण देती रहती थी। यमराज को रोज ही आत्माओं का लेखा-जोखा करना होता था। एक दिन भाई आने को वचनबद्ध हो गया। भाई को घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना ना रहा बड़े ही प्यार से शुद्धिपूर्वक उन्हें भोजन करवाया। बहन के निश्चल स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने वर मांगने को कहा यमुना ने कहा मैं सब रीति से भरपूर हूं मुझे कोई कामना नहीं है। यम ने का बिना कुछ दिए में जाना नहीं चाहता। बहन ने कहा हर वर्ष इस दिन आप मेरे घर आकर भोजन करें मेरी तरह जो भी बहन अपने भाई को स्नेह से बुलाए स्नेह से सतकार करें उसे आप सजाओं से मुक्त करें।

यमराज ने तथास्तु कहा और यमुना को वस्त्र आभूषण देकर वापस लौट आए। हमने भक्ति मार्ग में भगवान को कहा त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धु च सखा त्वमेव, भावार्थ यह है कि भगवान को माता-पिता तो मना ही सखा और भाई भी माना। एक समय था जब हम आत्माएं और बंधु रूप परमात्मा इकट्ठे एक ही घर परमधाम में रहते थे। परमात्मा पिता का ही दूसरा नाम यमराज भी है यम का एक अर्थ यह भी है कि वह आत्माओं के कर्मों का हिसाब किताब करते हैं और दूसरा अर्थ नियम संयम का ज्ञान देते हैं दोनों ही कर्तव्य परमात्मा के हैं आधा कल्प के बाद द्वापर युग से हम आत्माएं अपने पिता परमात्मा को सभी रूपों में, भाई रूप में भी याद करती आई हैं और पृथ्वी लोक में आ पधारने का निमंत्रण देती आई है परंतु वह समय भक्ति काल का होता है परमात्मा पिता के धरती पर अवतरण का नहीं। कलयुग के अंत में जब पाप की अति हो जाती है तब वे साधारण मानवीय तन का आधार ले अवतरित हो जाते हैं। आधा कल्प की पुकार का फल परमात्म अवतरण के रूप में पाकर हम आत्मायें धन्य हो जाती हैं हम धरती पर अवतरित बंधु रूप परमात्मा को दिल में समाकर स्नेह से भोग लगाती है, भगवान हमारे इस स्नेह को देख वरदानों से भरपूर कर देते हैं। और कहते हैं जो आत्मायें धरती पर अवतरित मुझ परमात्मा को पहचान कर सत्कार पूर्व आतिथ्य करेंगी, मेरी श्रीमत पर चलेंगी, उन्हें में सजाओं से मुक्त कर दूंगा।

परमपिता परमात्मा को भाई मानकर चलना ही सदा सुखी रहना है कभी बहन को किसी प्रकार की परेशानी का सामने नहीं करना पड़ेगा।

## साहित्यकार संघ की गोष्ठी हुई



**गंजबासौदा।** बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी सृजनशील रचनाकार दो दशक तक लालबहादुर शास्त्री महाविद्यालय में हिन्दी साहित्य विभाग के प्राध्यापक रहे कंचन सिंह का स्वागत साहित्यकार संघ के महासचिव कमलेश सोनी के निवास पर किया गया। इस अवसर पर कंचन सिंह ने कहा यह नगर एवं नगरवासी मेरीआत्मा की गहराईयों रचे बसे हैं, मेरे रचना संसार में नगर की सामाजिक सरोकारों से जुड़े हर पहलू का बिम्व है। समसामयिक घटनाचक्र उनकी कविताओं की विषय वस्तु रही है। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. कंचन सिंह व्दारा की गई तथा संचालन चन्द्रकुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य व्दारा किया गया। इस अवसर पर अनिल जैन, शायर फहीम वासोदवी, राकेश जैन, रिषभ विश्वास, निहाल सिंह पन्थी, ओपी प्रजापति, कमलेश सोनी सहित साहित्यकार संघ के सदस्यगण, गीतकार अनेक कवियों ने गीत, ग़ज़ल, हास्य व्यंग से सराबोर काव्य सुधारस की वर्षा की।

### 18 दिन पूर्व 1 घंटे से ज्यादा लाइट जाने से कई मासूमों की जान पर बन आई थी

# करोड़ों रुपए से बने पीआईसीयू में अभी भी नहीं हो पाई जनरेटर से ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ब्यावरा

जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग का और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का राजगढ़ दौरा हुआ था। लेकिन जिले के अधिकारियों ने 10 मार्च को पीआईसीयू की घटना का सुराग तक मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को नही लगने दिया। राजगढ़ जिला अस्पताल में बने करोड़ों के पीआईसीयू वार्ड में जहां 28 दिन से लेकर 14 वर्ष तक के सीरियस बच्चों को रखा जाताए जिसमे मासूमों का तमाम तरह का ईलाज किया जाता है। ऐसे में अचानक पीआईसीयू वार्ड में बिजली गुल हो जाना बच्चों की जान से खिलवाड़ करने के बराबर था। ऐसी घटना इसके पहले भी हो चुकी है उस समय भी जब बिजली गुल हुई थी तब भी बच्चो को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया था जिससे की बच्चो ईलाज सुचारू रूप से किया जा सके जिसकी शिकायत पीआईसीयू के स्टाफ द्वारा लिखित में भी की जा चुकी है। 10 मार्च को फिर से ऐसी ही घटना का हो जाना बड़ी घटना का अंदेशा तो नही था क्योंकि कई बच्चे उस टाइम पर एडमिट ऐसे थे जो की बिना ऑक्सीजन के नही रह सकते थे। हालांकि जम्बों सिलेंडर और कंसंट्रेटर मशीन की व्यवस्थाएं की हुई थी लेकिन वह भी उस टाइम पर बंद नजर आए जब 2 घंटे अस्पताल की बिजली गुल रही। जिला अस्पताल का पीआईसीयू वार्ड जब बनाया गया था तो उसकी लागत लगभग एक करोड़ बीस लाख की थी और उसमे सभी तरक की जरूरत की चीजे सुचारू रूप से देने की बात को लेकर टेंडर दिया गया था लेकिन करोड़ो रुपए के बिल तो पास हुए लेकिन व्यवस्था के नाम पर पूरी व्यवस्था शुरू नही हो सकी।

**हाल अभी भी जस के तस**




### अस्पताल नहीं पहुंचे थे संबंधित वरिष्ठ अधिकारी

जिले में जब मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से जब मिडिया द्वारा सवाल किए गया था तो वह इस घटना से अनजान दिखे उन्हें इसके बारे में जानकारी ही नहीं थी की पीआईसीयू की बड़ी घटना के बाद भी जिले के वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल नहीं पहुंचे। सिविल सर्जन एवं सीएमएचओ दोनों ही घटना के दिन व दूसरे दिन भी मुख्यालय से बाहर थे हालांकि उस दिन एच्छिक अवकाश जरूर था परंतु दोनों वरिष्ठ अधिकारियों का एक साथ मुख्यालय छोडना मरीजों के हित में नहीं माना जा सकता।

**इनका कहना है...**

हमने अभी दूसरे जनरेटर से वैकल्पिक व्यवस्था की है उसके भी कनेक्शन हो गए हैं और जल्दी ही पीआईसीयू का जनरेटर भी ठीक हो जावेगा।

**डॉ नितिन पटेल, सिविल सर्जन जिला अस्पताल राजगढ़**

## लोन वसूली करने गए फायनेंसर कर्मचारी के साथ मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज सारंगपुर




फायनेंस पर ली मोटरसाइकिल की बकाया राशि लेने पहुंचे हीरो पिन फोर फायनेंसर कम्पनी के कर्मचारियों पर लोनधारी युवक ने जानलेवा हमला कर जन से मारने की धमकी दी। दादागिरी का मामला सामने आया है। शुभम विश्वकर्मा निवासी सुनेरा हिरो पिन फोर फाइनेंस शाखा शाजापुर मे ऐजेंट के रूप में कार्यरत है। घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है। मामले की शिकायत थाने सारंगपुर में दर्ज की गई। पीड़ित ने सारंगपुर थाने में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी के खिलाफ सारंगपुर सहित अन्य थानों में भी प्रकरण दर्ज है।

उल्लेखनीय है कि शाजापुर की हीरो पिन फोर फायनेस कंपनी में काम करने वाले शुभम विश्वकर्मा अमन भंडारी पिता महेंद्र भंडारी व रोशन भंडारी निए सुनेरा जिला शाजापुर विगत दिन पहले बड़ी होली वार्ड क्रमांक 4 के जाहिद पिता समसुद्धीन खां निएसारंगपुर के पास टू व्हीलर गाड़ी की ओवरडियू किस्त की पिछली बकाया राशि 4025 जो बाकी थी। किस्त जमा करने की जाहिद ने बोला की ठीक है यहीं पर रुको थोडी देर बाद मेने कहा भाई साहब कल होली है इतने में जाहिद बोला मैं किस्त नहीं जमा करूंगा जाओ यहां से और गाली देकर जान से मारने की धमकी दी ओर बोला रुको अभी बताता हूं और घर से हॉकी निकालकर अमन व हम पर हमला कर दिया। अमन को सीर में चोट लगने से खून निकलने लगा शुभम व रोशन दोनों अमन को बचाने लगे तो हम दोनों के साथ भी हॉकी व ईंट से मारपीट किया। लोगों ने बीच बचाव किया तब जाहिद बोला कि दोबरा किस्त लेने आये तो जान से खत्म कर दूंगा। अमन को सीर में गंभीर चोट आने के कारण सिविल अस्पताल सारंगपुर में इलाज के दौरान शाजापुर रेफर कर दिया गया है। इस मामले में अब हितग्राही व फाइनेंस कंपनी के बीच आमने.सामने की स्थिति बन गई है। सारंगपुर थाने में प्रकरण दर्ज कर लिया है। अभी तक आरोपी जाहिद पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

## प्रोग्रेसिव किड्ज के बच्चों का दीक्षांत समारोह आयोजित, पुरस्कृत किया



हरिभूमि न्यूज ब्यावरा

नगर में स्थित प्रोग्रेसिव किड्ज में बच्चों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में बच्चों ने अपने पहले कदमों की उपलब्धि का गर्व अनुभव करते हुए एक अद्भुत उत्सव मनाया। प्रोग्रेसिव हाइट्स के छगनलाल अग्रवाल सभाग्रह में सम्पन्न कार्यक्रम में बच्चों ने अपने छोटे.छोटे कदमों के साथ अपने शेक्षणिक जीवन के पहले महत्वपूर्ण पड़ाव को पूर्ण कर अपने सपनो को एक नई उड़ान दी, जो उन्हें जीवन के सभी मोड़ों में सफलता की ओर अग्रसर करेगी। यह समारोह उनके शिक्षकों व अभिभावकों की मेहनत और समर्पण का जश्न भी था। बच्चों ने इस अवसर पर अपने कलात्मकए बौद्धिकए और सामाजिक योग्यताओं का प्रदर्शन कियाए जिससे उन्हें स्वाभिमान और संवेदनशीलता मिलती है। इस खास क्षण पर सभी अभिभावकों का गर्व और हर्ष भी अद्वितीय था। समारोह के दौरानए बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लियाए जिसमें गीतए नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन पर उन्हें समर्थन और प्रोत्साहन मिला। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चो व उनके पालको को भी पुरुस्कृत किया गया।

इस अद्वितीय पल मेंए श्प्रोग्रेसिव किड्जश की टीम ने बच्चों के सपनों की उड़ान को और भी मजबूत बनाया। इस समारोह के अवसर पर प्रोग्रेसिव किड्ज के समस्त टीम ने बच्चों को उनके उत्तम काम के लिए प्रशंसा की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सैनिक कल्याण हेतु कलेक्टर को सौंपा 1 लाख 51 हजार का चेक

हरिभूमि न्यूज राजगढ़

लीड महाविद्यालय राजगढ़ से हिंदी विषय से सेवानिवृत्त हिन्दी विषय की सहायक प्राध्यापिका वासंती मोघे ने अपनी स्वयं की संचित राशि से सैनिक कल्याण के लिए एक लाख 51 हजार रूपये की राशि दान की है। बुधवार को उन्होंने उक्त राशि का चेक कलेक्टर हर्ष दीक्षित को सौंपा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रत्नेश श्रीवास्तव भी मौजूद थे। डॉण मौघे द्वारा उक्त राशि सैनिक कल्याण कार्यालय के माध्यम से सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि वे भारत की आजादी के शहीद भगत सिंहए सुखदेव एवं राजगुरू के बलिदान से काफी प्रभावित है। इसलिए दान राशि के चेक पर उनके बलिदान दिवस की दिनांक 23 मार्च अंकित की है। कलेक्टर श्री दीक्षित ने सुश्री मोघे के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सुश्री मोघे का यह कार्य अनुकरणीय है। वहीं जिला सैनिक कल्याण अधिकारीए उज्जैन एचणएसण यादव ने भी मोघे के इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है की मोघे पूर्व में भी इसी तरह अपनी स्वयं की निधि से सामाजिक कार्यों हेतु राशियां दान कर चुकी हैं।




## किसान की महीनों की मेहनत बिजली के शार्ट सर्किट से जलकर हुई खाक



हरिभूमि न्यूज खिलचीपुर

ग्राम बोर का पानी में एक गरीब किसान के खेत में 5 बीघा के गेहूं बड़ी मेहनत मशक्कत से तैयार कर खड़ी फसल जो कुछ ही दिन में कटाई कर खले में रखने को तैयार थी। परंतु वह कहावत तो सुनी ही होगी किसान जब तक खेत से फसल तैयार कर घर नहीं ले आता तब तक किसान की नींद और चैन सब कुछ खेत पर ही रहता है इसीलिए तो किसान को अन्नदाता भी कहते हैं जो खेतों से अन्न पैदा अपनी मेहनत से करते हैं खिलचीपुर तहसील के ग्राम बोर का पानी के अन्नदाता किसान फतेह सिंह पिता भेरु सिंह जाति सोंधिया के खेत मे अचानक बिजली के तारों से आग की चिंगारियो ने अपने आगोश में पूरी फसल को ले लिया जलाकर खाक कर दिया।

इस किसान की दहिनीय हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण पूरे परिवार का पालन पोषण करने में एकमात्र खेत से जो भी उपजाऊ फसल निकलती है उससे अपने पूरे परिवार का भरण पोषण करता है कहते हैं ना जो राम राखी रखा 26 मार्च का दिन इस किसान के लिए कालिख बनकर आया था जो पूरी की पूरी फसल को काले धुएं में उड़ा ले गया अब इस किसान की कौन सुनने वाला अब देखना है क्या शासन प्रशासन के द्वारा इनको कोई सहयोग मिलेगा, जिससे किसान के पूरे परिवार का आगे की स्थिति में भरण पोषण की व्यवस्था हो सकेँ।

## मुकीम बने कांग्रेस महामंत्री



हरिभूमि न्यूज ब्यावरा

जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की अनुसंशा पर मुकीम खॉ संडावता को जिला कांग्रेस महामंत्री बनाया है। लोकसभा चुनाव के समय महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवनियुक्त महामंत्री को बधाई देते हुए पार्टी के हित में अपनी भूमिका निभाते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करने की आशा जताई है।

## ट्रैक्टरों से ओवरलोड भूसा भरकर किया जा रहा दूसरे जिलों में निर्यात



**लखनवास।** जिले में कम बारिश के चलते एवं भूसा का कम उत्पादन होने को लेकर राजगढ़ कलेक्टर ने पशुओं के भोजन को ध्यान में रखते हुए जिले से भूसा के निर्यात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है। लेकिन इसके बावजूद ट्रैक्टर.ट्रॉलिओं में ओवरलोड कर भूसे का निर्यात जारी है। जिसका ताजा उदाहरण लखनवास क्षेत्र में देखने मिला है। जिले के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह का आलम है। रविवार को लखनवास क्षेत्र में लगातार कई ट्रैक्टर ट्रॉली पुलीस चौकी के सामने से दिनभर निकलते देखे गए। जो ओवरलोड करके भूसा भरकर भोपाल जिले की ओर ले जाए गए। लेकिन इन्हें ओवरलोड होने के बाद भी देखने वाला कोई नहीं है।

### मनमाने रेट वसूल कर रहे एजेंसी कर्मचारी, नहीं मिल रही सुविधाएं

## इंडेन एजेंसी डीलर की मनमानी से उपभोक्ता परेशान!

हरिभूमि न्यूज लखनवास

सुठालिया तहसील के ग्राम लखनवास में स्थित लखनवास ईण्डेन ग्रामीण गैस एजेंसी पर ग्राहकों को एमआरपी रेट से ज्यादा कीमत में ग्राहकों को दी जा रहा सिलेंडर। जहां कंपनी द्वारा 817 की कीमत में दिए जाने वाला गैस सिलेंडर ग्रामीणों को 920 रुपए तक दिया जा रहा है। इधर ग्रामीणों ने यहां भी आरोप लगाया कि कहीं कहीं सिलेंडर तो 200 ग्राम से 500 ग्राम तक कम भी निकालते हैं। होम डिलीवरी वाली गाड़ियों में वही अवकाश के दिन पेट्रोल पंप पर गाड़ी खड़ी कर सिलेंडर सप्लाई किए जाते हैं। किंतु नियम तो यहां है कि एजेंसी पर ही वितरण करें न जाने कब ऐसी लापरवाही में किसी भी वक्त हो सकता है बड़ा हादसा इधर देखा जाए तो जाने क्यों एजेंसी वाले बड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में ग्राहकों को लूटने का काम कर किया जा रहा। इधर गैस एजेंसी संचालक से बात हुई तो फोन पर उन्होंने कहा कि आज हमारी एजेंसी बंद थी। साथी एमआरपी रेट के संबंध में बात हुई तो उन्होंने कहा कि मुझे इस बारे में मालूम नहीं है मैं सुबह मालूम करता हूं। अब देखना यहां होगा कि प्रशासन द्वारा ऐसे गैस एजेंसी संचालकों पर क्या कार्रवाई करता है।




## अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत

**गुना।** अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत की सूचना है। तीनों के शवों का पीएम जिला अस्पताल में आज कराया गया। जानकारी के अनुसार बीते दिन रुठियाई के पास एक बाइक सवार दो लोग अनियंत्रित होकर गिर गए, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। युवक का नाम गोलू उर्फ शिव सिंह गुर्जर निवासी नारोनी रुठियाई बताया गया है, जबकि उसका एक अन्य साथी घायल हो गया। दुर्घटना के तत्काल बाद दोनों को 108 एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया, जिसमें से गोलू की मौत हो गई, जिसके शव का पीएम आज जिला अस्पताल में कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। दूसरा मामलाः म्याना थानाक्षेत्र के तहत का है, जिसमें महोदरा गांव की एक 17 वर्ष की युवती को बीती रात खाना पकाते समय करंट लगगया, जिससे उसकी मौत हो गई। युवती का नाम शिवानी पुत्री बृजनारायण पाल है, उनके पिता ने बताया कि वह म्याना स्थित घर पर थे। युवती का भाई और मामा महोदरा गांव में युवती के साथ थे। युवती हीटर पर खाना पका रही थी, इसी समय तार टूटकर उस पर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। युवती के शव का आज पीएम जिला अस्पताल में हुआ। तीसरा मामला : राघौगढ़ क्षेत्र का है, जहां एक युवती ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ गटक लिया। युवक का नाम मनोज पुत्र शिवलाल अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी कटरा मोहल्ला वार्ड 1 राघौगढ़ हैं। उनके पिता ने बताया कि उनकी बहू सिलाई का काम करती है, वह बाजार गई थी, इसी दौरान उनके बेटे ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ गटक लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## नगर में होली पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज नरसिंहगढ़

नगर में होली धुलेंडी पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। अलसुबह होलीका दहन पश्चात घर घर में पूजा अर्चना की गई। वही प्रातः आठ बजे से ही होली की हुडदंग शुरू हो गई। नागरिको द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पर्व की शुभकॉमनाऐं दी। खासकर बच्चो और युवाओं में होली का खासा उत्साह देखा गया। खासकर छत्री चौराहे, संजयनगर, चंपी चौराहे, दीनाजी चौराहे, सूरजपोल, बलवटपुरा, बाराद्वारी, थावरिया, बड़ा बाजार आदि स्थानो पर सामुहिक रूप से होली खेलकर लोगो ने पर्व का जमकर आंनद उठायाए सुबह से लेकर देर शाम तक डोलचा मार होली चलती रही। नगर के विभिन्न चैराहो पर नगरपालिका द्वारा पानी के टेंकर खड़े किए गए थे जहां जमकर रंग.गुलाल उड़ाया गया। दिनभर रंग एवं गुलाल से सारोबर रहने के उपंरात दोपहर बाद लोगो ने नगर के धार्मिक स्थलो पर पार्टियां मनाकर खूब भांग झांनी। दिनभर होली का उत्साह छाया रहा।




### कॉलेज परिसर में सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी मिले बंद, अज्ञात लोगों पर प्रकरण दर्ज

# महात्मा गांधी की प्रतिमा हुई क्षतिग्रस्त, शासकीय महाविद्यालय का मामला, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज खिलचीपुर

खिलचीपुर के शासकीय महाविद्यालय परिसर में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा होली पर्व के चलते छुट्टियों के दिनों में असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी गई। मंगलवार को सुबह 10:30 बजे जब कॉलेज में शिक्षक गण ड्यूटी पर आए ओर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर नजर पड़ी तो पाया कि राष्ट्रपिता की संगमरमर की बनी हुई मूर्ति क्षतिग्रस्त है। महाविद्यालय प्राचार्य ने तत्काल पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं अज्ञात लोगों पर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा.3 एभा द स 1860 की धारा 427 के तहत प्रकरण दर्ज किया।



### शासकीय महाविद्यालय लापरवाहियों के मामले में सदा रहता सुर्खियों में

खिलचीपुर का शासकीय महाविद्यालय अधिकतर लापरवाहियों को लेकर सुर्खियों में बना रहा हैए कभी छात्र.छात्राएं असुविधाओं को लेकर कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करते हैंएतो कभी स्टाफ में आपस में खींचतान को लेकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हैं तो कभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आते हैं अर्थात आपस में स्टाफ में समन्वय नहीं बनने से कोई न कोई मामला शासकीय महाविद्यालय में चलता ही रहता है।

### लापरवाही, कॉलेज परिसर में सुरक्षा को लेकर लगे कैमरे मिले बंद

शासकीय महाविद्यालय प्रबंधन के परिसर में लगे कैमरे बन्द पाये जाना घोर लापरवाही है वही सुरक्षा हेतु रखे गए चैकीदारों का और सुरक्षा ड्यूटी समय में समय .समय पर गायब रहना कहीं न कहीं गम्भीर विषय है। सीसीटीवी कैमरा बन्द होने से पुलिस को छानबीन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**इनका कहना है...**

होली पर्व की छुट्टी के बाद जैसे ही ड्यूटी पर कॉलेज में आना हुआ तो लिपिक कर्मचारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति क्षतिग्रस्त हुई दिख रही है। मैंने पुलिस को सूचना दी ओर एफआईआर करवा दी गई है।

**दिनेश सूर्यवंशी, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर।**

अज्ञात लोगों पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। हालांकि फिंगर एक्सपर्ट, वैज्ञानिक रिसर्च ओर डॉग स्क्वाड टीम ने जांच में बताया कि ऐसा कोई साक्ष्य नजर नहीं आया है कि यह किसी द्वारा क्षतिग्रस्त की गई है, फिर भी मामले को गंभीरता से लेकर जांच की जावेगी।

**रघुवीर सिंह धाकड़, टीआई पुलिस थाना खिलचीपुर।**